नगर आयुक्त ने रैन बसेरा में रूके हुये लोगो से की वार्ता

ऑडिशन टाइम्स शाहजहाँपुर। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा एवं अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह ने निराश्रित, असहाय कमजोर वर्ग एवं खुले स्थान/फुटपाथ पर सो रहे असुरिक्षत व्यक्तियो की सुविधा हेतु टाउनहाल स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने रैन बसेरा में रूके हुये लोगो से वार्ता कर उनकी समस्याओ के बारे में जानकारी ली गई तथा रैन बसेरा के शौचालय की लाइट खराब पाये जाने पर सहायक अभियन्ता (प्रकाश) को तत्काल रूप से ठीक कराये जाने हेतु निर्देशित किया। महामारी कोविड-19 से उत्पन्न स्थिति तथा ठण्ड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओ के दृश्टिगत निराश्रित, असहाय कमजोर वर्ग एवं खुले स्थान/फुटपाथ पर सो रहे असुरिक्षत व्यक्तियो को रैन बसेरा पहुँचायां। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया कि रात्रि में कोई भी

निराश्रित व्यक्ति फुटपाथ/खुले स्थान पर सोता पाया जाता है, तो नोडल अधिकारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी। नगर आयुक्त द्वारा निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा हेतु रैन बसेरा में हीटर, बेड, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई, सेनेटाइजेशन, फागिंग तथा कीट नाशक दवा छिड़काव का कार्य नियमित रूप से कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया। रैन बसेरा में रूके लोगो से फेस मास्क, समय-समय से हाथ धोने व सेनेटाइजर के उपयोग करने की अपील की तथा रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियो का नियमित रूप से थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स ऑक्सीमीटर से चेक करने हेतु निर्देषित किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता नगर उपस्थित रहे।